St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -17)** **Date: 08.10.2020**
Topic: बोल का मोल **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 लंबी यात्रा में बूढ़े आदमी और उसके तीनों बेटों के साथ रास्ते में क्या हुआ ?

उ-एक बूढ़ा अपने तीनों बेटों के साथ एक लम्बी यात्रा पर जा रहे थे | यात्रा में कुछ अधिक समय लगने से खाने - पीने की वस्तुएं समाप्त हो गई | धीरे - धीरे उनका धन भी समाप्त हो गया | वे लोग भूखे रहने लगे | वे किसी तरह जल्दी अपने घर पहुंचना चाहते थे |

2 एक पेड़ के नीचे विश्राम करते हुए उन्होंने क्या देखा ?

उ- बूढ़ा और उसके बेटे थककर एक पेड़ के नीचे विश्राम कर रहे थे | तभी उन्होंने एक व्यपारी को उधर आते देखा | वह अपनी बैलगाड़ी को हाँकता हुआ चला आ रहा था | उनको बैलगाड़ी में कुछ खाने की चीज़ लगी |सच में उसकी बैलगाड़ी में तरह - तरह के पकवान और मिठाइयाँ थी |

3 तीनों बेटों के मुँह में पानी क्यों आने लगा ?

उ- तीनों बेटों ने देखा कि बैलगाड़ी में पकवान और मिठाइयाँ थी | वह किसी मेले में जा रहा था | पकवानों की महक दूर - दूर तक फैल रही थी | वे चारों भूखे थे और महक ने उनकी भूख को बढ़ा दिया था | पकवानों की महक से उनके मुँह में पानी आने लगा |

4 बूढ़े ने अपने लड़कों से क्या कहा ?

उ- बूढ़ा और उसके बेटे भूखे थे | वे किसी भी तरह उस व्यापारी से कुछ खाना चाहते थे | बूढ़े ने अपने लड़कों से कहा कि वे उस व व्यापारी के पास जायें | उससे कुछ खाने के लिए माँगे | अगर उसे दया आ जाये , तो वह कुछ खाने को दे देगा |

Poonam Mehra